Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)
प्रेस नोट

- **आमजन की सक्रिय भागीदारी भ्रष्टाचार के उन्मूलन में महत्वपूर्ण है**
- **एसीबी के हेल्पलाइन नं 1064 के अलावा मोबाइल/व्हाट्सएप न. 94135-02834 पर भी दर्ज करा सकते हैं भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतें**

- महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

जयपुर, 25 मई 2024, शनिवार। **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो**, राजस्थान प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी संदर्भ में **भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरडा** ने पहले से स्थापित एसीबी हेल्पलाइन न. **1064** और व्हाट्सएप नंबर **94135-02834** पर ज्यादा से ज्यादा कॉल एवं मैसज करने की आमजन से अपील की है। हेल्पलाइन नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से नागरिक 24*7 भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने राजस्थान के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इन नंबरों का अधिकतम उपयोग करें और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाएं। इन नंबरों पर की गई सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता हैं साथ ही परिवादी की गोपनीयता बनाये रखते हुए तुरंत उचित कार्रवाई की जाती हैं। उन्होने बताया की नागरिक इन नंबरों पर संपर्क करके रिश्वत की मांग सम्बन्धी, पद का दुरुपयोग व आय से अधिक सम्पति संबंधी गतिविधियों की शिकायत कर सकते हैं।

महानिदेशक श्री मेहेरडा ने कहा की आमजन की सक्रिय भागीदारी भ्रष्टाचार के उन्मूलन में महत्वपूर्ण है। आपकी शिकायतें सीधे तौर पर राजस्थान को एक पारदर्शी और न्यायपूर्ण राज्य बनाने में मदद करेंगी।

महानिदेशक एसीबी ने सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे भ्रष्टाचार की घटनाओं की पहचान करें और भ्रष्ट आचरण करने वालो के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए हमारे हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर का व्यापक रूप से उपयोग करें।